# शिव नाथ का जप कर ले तू | By Suren Namdev

शिवनाथ का जप करले तू जीवन भर सुख पायेगा
सच्चे मन से महिमा गा भव से तू तर जाएगा
बम बम बम बम बोल तू प्यारे मनचाहा फल पायेगा

चरणों में इनके शीश झुका के दिल में बसा लो भक्ति
फिर ना ऐसा मिलेगा मौका दुखों से पा लो मुक्ति
ओम नाम का ध्यान धर ले मुक्ति से तर जाएगा
बम बम बम बम बोल तू प्यारे मनचाहा फल पायेगा

अपने सुखों को औरो में बांटो इससे बड़ा कोई धर्म नहीं
निर्धन को जो सेवा करता इससे बड़ा कोई करम नहीं
प्रेम की पहचान कर पत्थर भी माँ बन जायेगा
बम बम बम बम बोल तू प्यारे मनचाहा फल पायेगा

होके मगन तू खुद को बचाले अर्पण कर सारी उमरिया
बदले में तुझे फूल मिलेंगे देख ले चाहे इसका नजरिया
राजा गोहर दास बना सारी उमर गुण गायेगा
बम बम बम बम बोल तू प्यारे मनचाहा फल पायेगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a4%bf%e0%a4%b5-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%a5-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a4%aa-%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%82-by-suren-namdev/